दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

हार्दिक शुभकामनाएं....

शुभ नवरात्रि- न्याय साक्षी परिवार की ओर से समस्त सुधि पाठकों को शारदीय नवरात्रि की अशेष शुभकामनाएं.....

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 10 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-15

महत्वपूर्ण एवं खास

इवांका यूएन में राजदूत के तौर पर प्रभावशाली साबित होंगी:ट्रंप

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्हें परिवारवाद की शिकायतें नहीं मिलें तो उनकी बेटी इवांका संयुक्त राष्ट्र में देश के राजदूत के तौर पर प्रभावशाली साबित होंगी। ट्रंप ने मंगलवार को वाइट हाउस में इवांका की योग्यता की तारीफ करते हुए यह बात कही। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसा हुआ तो आलोचक उन्हें जरूर निशाना बनाएंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर आईएसआई के नए चीफ नियुक्त

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नए चीफ जनरल असीम मुनीर बन गए। आईएसआई के पूर्व चीफ लेफ्टिनेंट जनरल नवीद मुख्तार सोमवार को रिटायर हो गए थे। जनरल मुनीर को पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी का चीफ बनाए जाने की अटकलें पहले से ही चल रही थीं। सेना प्रमुख बाजवा और मौजूदा आइएसआइ प्रमुख नवीद मुख्तार ने शुक्रवार को इमरान खान से मुलाकात की थी।

बोसिया में रूस की तेल रिफाइनरी में विस्फोट, आठ कर्मचारी घायल

सराजेवो (आरएनएस)। बोस्निया में रूस की तेल रिफाइनरी में विस्फोट में आठ कर्मचारी घायल हो गए। आरटीआरएस टेलीविजन ने नगरपालिका प्रमुख इलिजा जोविकिक के हवाले से बताया कि क्रोएशिया के साथ लगती सीमा पर उत्तरी शहर ब्रॉड में स्थित संयंत्र में मंगलवार रात को करीब साढ़े नौ बजे विस्फोट हुआ।

तीन दिन के भीतर आ सकती है जबरदस्त बाढ़

ओडिशा में साइक्लोन का अलर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन केन्द्र (एनईआरसी)ने अगले दो-तीन दिनों में चक्रवात आने की संभावना को लेकर ओडिशा सरकार को सचेत किया है. मुख्य सचिव एपी पाधी और विशेष राहत आयुक्त बीपी सेठी को जारी एक परामर्श में एनईआरसी ने सोमवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर हवा का निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है, जो अगले 72 घंटों में उत्तर-पश्चिम दिशा में ओडिशा की ओर बढ़ सकता है.

आम्रपाली ग्रुप के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, हिरासत में 3 डायरेक्टर्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम्रपाली ग्रुप के द्वारा की जा रही हीलाहवाली पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐक्शन लिया है। शीर्ष कोर्ट के आदेश पर आम्रपाली ग्रुप के तीन डायरेक्टरों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दस्तावेज देने तक तीनों लोग पुलिस की हिरासत में रहेंगे। आम्रपाली रियल एस्टेट ग्रुप के डायरेक्टरों- अनिल कुमार शर्मा, शो प्रिया और अजय कुमार को पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।

दिल्ली में 163 धनकुबेरों के पास 6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली शहर के 163 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 6,78,400 करोड़ रुपये है। बार्कलेज हुरुन की भारतीय अमीरों की सूची में यह जानकारी सामने आई है। इस सूची में एक हजार करोड़ रुपये या इससे अधिक की हैसियत वालों को जगह दी जाती है। इसमें देश भर के 831 लोग हैं। इनमें से 233 लोग मुंबई के हैं। दिल्ली के 163 और बेंगलूरू के 69 लोग इस बार इस सूची में हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी 3710 अरब रुपये के साथ देश के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं।

थरूर की अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अग्रिम जमानत को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यू फरक्का एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतरीं, 7 की मौत, कई जख्मी

रेलवे देगी 5-5 लाख का मुआवजा

रायबरेली (आरएनएस)। रायबरेली के हरचंदपुर स्टेशन के पास न्यू फरक्का एक्सप्रेस की इंजन समेत पांच बोगियां बुधवार तड़के पटरी से उतर गईं. इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य घायल हैं. स्थानीय लोगों और हरचंदपुर स्टेशन के स्टाफ के साथ एनडीआरएफ की टीम स्क्यू ऑपरेशन में जुटी है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों के लिए 50 हजार रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है.

वहीं रेल मंत्री पीयूष गोयल ने ऐलान किया है कि इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को रेलवे की तरफ से 5-5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा. वहीं गंभीर रूप से घायलों को एक लाख और सामान्य रूप से घायलों को 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा.

मामले में उत्तर रेलवे के एडीआरएम काजी महाराज अलाम ने बताया कि 14003 न्यू फरक्का एक्सप्रेस बेपटरी हुई है. इसके लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. परिजन बीएसएनएल-05412-254145 व रेलवे-027-73677 के नंबर पर सूचना प्राप्त कर सकते हैं.

सूचना के मुताबिक, हादसे में दो बच्चे व एक महिला समेत 7 लोगों की मौत हो गई है. रायबरेली ट्रेन हादसे का संज्ञान लेते हुए डीजीपी ओपी सिंह ने एनडीआरएफ की दो टीमों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया है. लखनऊ और वाराणसी से एनडीआरएफ की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी हैं.

रायबरेली की एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि अभी तक 7 लोगों की मौत हुई है. घायलों को जिले के अलग-अलग अस्पतालों में एडमिट कराया गया है. गंभीर रूप से घायल लोगों को लखनऊ रेफर किया गया है. मौके पर डीएम, एसपी और सीएमओ भी मौजूद हैं. फिलहाल रेलवे की तरफ से कोई भी हेल्पलाइन नंबर जारी नहीं किया गया है. बचाव कार्य जिला प्रशासन की तरफ से ही चलाया जा रहा है.

ट्रेन फरक्का से चलकर रायबरेली होते हुए नई दिल्ली जा रही थी. तभी हरचंदपुर आउटर के पास गलत ट्रैक पर जाने की वजह से यह हादसा हो गया. फिलहाल रेलवे के अधिकारी मौके के लिए रवाना हो चुके हैं. मौके पर स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस पहुंच चुकी है.

घायलों की संख्या का अंदाजा नहीं लगाया जा सका है. बताया जा रहा है कि मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है. फिलहाल हादसे के बाद रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं. ट्रेनों को अलग रूट से भेजने की तैयारी है.

हत्या की धमकी के बाद पूर्व मिस इराक ने देश छोड़ा

बगदाद/जॉर्डन (आरएनएस)। पूर्व मिस इराक और मॉडल को हत्या की धमकी के बाद देश छोड़ना पड़ा है। पिछले महीने ही एक मॉडल को अपनी लाइफ स्टाइल के कारण मार दिया गया था। 2015 में मिस इराक चुनी गई शिमा कासिम अब्दुलरहमान ने इराक छोड़कर जॉर्डन में शरण ले ली है। शिमा का कहना है कि इस्लामिक स्टेट औल लेवांत (आईएसआईएल) से जुड़े कुछ लोगों ने उन्हें अगली बारी तुम्हारी है का संदेश दिया।

शिमा का कहना है कि इसके बाद से वह अपने जीवन की सुरक्षा को लेकर बहुत डर गई हैं और उन्होंने इराक छोड़ने का फैसला कर लिया। एक स्थानीय कुर्दिश समाचार चैनल को दिए बयान में उन्होंने कहा, मुझे हत्या की धमकी दी गई। मेरी जिंदगी को खतरा है। यहां बहुत सी महिलाओं को रोज हत्या हो ही है। मेरे लिए इराक में रहना खतरे से खाली नहीं था और इसलिए मैंने अपने देश को छोड़कर जॉर्डन में रहने का फैसला कर लिया है।

पिछले सप्ताह ही बगदाद के मध्य हिस्से में मॉडल और इंस्टाग्राम स्टार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। माना जा रहा है कि तारा फरेस नाम की 22 वर्षीय इस मॉडल की हत्या उनकी खास जीवनशैली की वजह से की गई है।

देश में पहली बार किया खोपड़ी का ट्रांसप्लांट

डॉक्टर्स को मिली बड़ी कामयाबी

पुणे (आरएनएस)। चार वर्षीय बच्ची की खोपड़ी के करीब 60 प्रतिशत हिस्से का प्रत्यारोपण करने में पुणे के डॉक्टर्स को सफलता मिली है। बच्ची के क्षतिग्रस्त स्कल (खोपड़ी) को डॉक्टर्स ने एक थ्रीडी पॉलिथिलीन बोन से बदल दिया। अमेरिका की एक कंपनी ने इस कृत्रिम बोन को क्षतिग्रस्त हिस्से के नाप व आकार के हिसाब से डिजाइन किया था। डॉक्टर्स का दावा है कि यह देश का पहला ऐसा स्कल ट्रांसप्लांट है।



पिछले साल 31 मई को शिरवाल में हुए एक सड़क हादसे में बच्ची को गहरी चोटें आई थीं और खोपड़ी का एक हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। बच्ची को तब दो मुश्किल सर्जरी के बाद घर भेज दिया गया था। डॉक्टर्स ने इस साल उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती किया था और अब सफलतापूर्वक उसकी खोपड़ी का प्रत्यारोपण किया गया है।

बेहोशी की हालत में लाया गया था अस्पताल

बच्ची की मां ने बताया, वह स्कूल जा रही है और पूरे मजे से दोस्तों के साथ खेल रही है। अब वह पहले की तरह खुश है और चहक रही है। बच्ची के पिता स्कूल बस चलाते हैं और परिवार कोथुर्ड में रहता है। बच्ची का इलाज करने वाले भारती अस्पताल के डॉक्टर जितेंद्र ओसवाल ने बच्ची के स्कल ट्रांसप्लांट को बड़ी कामयाबी बताया है।

डॉक्टर जितेंद्र के मुताबिक, बच्ची के सिर में लगी चोटें गंभीर और गहरी थीं, उनके ठीक होने के बावजूद भी खोपड़ी की हड्डी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था और उसके सिर से खून बह रहा था। उसे फौरन वेंटिलेटर पर रखना पड़ा था और सीटी स्कैन में साफ हुआ था कि उसके दिमाग में सूजन है और खोपड़ी का पिछला हिस्सा टूटकर धंस गया है।

घंटों चला यह मुश्किल ऑपरेशन

बीते साल दो मुश्किल सर्जरी करने के बाद उसे वापस भेज दिया गया था, लेकिन वह सहज नहीं थी और सिर के अजीब आकार के चलते बच्चों के बीच घुलमिल नहीं पा रही थी।

उसकी खोपड़ी का ट्रांसप्लांट करने के लिए उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती किया गया।

गलत ढंग से छूने पर हो सकती है 5 साल तक की जेल

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले साल अमेरिका समेत तमाम दुनिया में समीटू मूवमेंट की बाढ़ आ गई थी। कई नामी चेहरों ने अपने साथ हुए हैरसमेंट के बारे में खुलकर बात की। नाना पाटेकर-तनुश्री दत्ता के विवाद के बीच भारत में भी यह मूवमेंट तेजी से रफ्तार पकड़ रहा है लेकिन इस बीच सबसे ज्यादा बात यह उठ रही है कि इसको लेकर कानूनी तौर पर क्या किया जा सकता है? यौन उत्पीड़न या सेक्शुअल हैरसमेंट न केवल नैतिकता के पैमाने पर बल्कि कानूनी तौर भी गलत है। इसको लेकर भारत में कई स्तर पर कड़े कानून मौजूद हैं।



सुप्रीम कोर्ट के द्वारा विशाखा गाइडलाइंस 1997 में जारी की गई थी। इसके बाद इनके बदले दिसंबर 2013 में प्रीवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरसमेंट ऑफ विमेन एट वर्कप्लेस एक्ट लागू किया गया था और साथ ही क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट (अपराधी कानून अधिनियम) 2013 भी सेक्शुअल हैरसमेंट को लेकर काफी सख्त कानून है। इन कानूनों में सेक्शुअल हैरसमेंट के तहत आने वाले अलग-अलग अपराधों के हिसाब से सजा का विधान है।

केजरी के मंत्री कैलाश गहलोत के 16 ठिकानों पर आईटी के छापे

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयकर विभाग ने बुधवार सुबह दिल्ली सरकार के एक मंत्री के ठिकानों पर छापे मारे हैं। अधिकारियों ने बताया है कि आईटी डिपार्टमेंट ने आप सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत से जुड़े 16 ठिकानों की तलाशी ली है। उधर, आम आदमी पार्टी ने आईटी के छापों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। छापे के फौरन बाद आप के ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा गया, हम जनता को सस्ती बिजली दे रहे, मुफ्त पानी दे रहे, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य दे रहे हैं। सरकारी सेवाएं घर-घर तक पहुंचा रहे हैं और वे सीबीआई, ईडी से हमारे मंत्रियों और नेताओं के घर छापे पड़वा रहे हैं। खुद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा, नीरव मोदी, माल्या से दोस्ती और हम पर रेड? मोदी जी, आपने मुझ पर, सत्येन्द्र पर और मनीष पर भी तो रेड करवाई थीं? उनका क्या हुआ? कुछ मिला? नहीं मिला? तो अगली रेड करने के लिए दिल्ली वालों से उनकी चुनी सरकार को निरंतर परेशान करने के लिए माफ़ी तो मांग लीजिए?

केन्द्र सरकार पर बरसे केजरीवाल

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि जनता सब देख रही है और 2019 में सारा हिसाब एक साथ करेगी। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया है कि कैलाश गहलोत के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 16 जगहों पर रेड की गई है। ब्रिस्क इन्फ्रास्ट्रक्चर हेड प्रिवेलपर्स लिमिटेड और कॉरपोरेट इंटरनैशनल फाइनैंशल सर्विसेज लिमिटेड में फिलहाल सर्च जारी है।

कांग्रेस से सीटों की भीख नहीं मांगेंगे, अकेले लड़ सकते हैं

मायावती की दो टूक

नई दिल्ली (आरएनएस)। 2019 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को लेकर चल रही कवायद को बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती के बयान से झटका लगा है। मंगलवार को बीएसपी सुप्रीमो ने साफ किया कि 2019 में संतोषजनक सीटें न मिलने की सूरत में पार्टी कांग्रेस से सीटों की भीख मांगने के बजाए अकेले चुनाव लड़ना पसंद करेगी।

कांग्रेस से सीटों की भीख नहीं मांगेंगे

यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि किसी गठबंधन में सीटों की भीख मांगने की बजाए उनकी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

नाना पाटेकर को महाराष्ट्र महिला आयोग ने भेजा नोटिस

मुंबई (आरएनएस)। तनुश्री दत्ता यौन शोषण मामले को संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र महिला आयोग ने अभिनेता नाना पाटेकर को नोटिस भेजा है। उनके साथ ही राकेश सारंग और गणेश आचार्य को भी नोटिस भेजा गया है। आयोग ने तनुश्री दत्ता के मामले में चल रही जांच से संबंधित जानकारी भी मांगी है।

महाराष्ट्र महिला आयोग प्रमुख विजया रहाटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि, आयोग ने नाना पाटेकर सहित अन्य आरोपियों से 10 दिनों के अंदर नोटिस का जवाब देने को कहा है। साथ ही तनुश्री दत्ता को भी मामले के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए संपर्क किया गया है।

सीआईएनटीएए करेगी मामले की जांच

सिने ऐंड टीवी आर्टिस्ट असोसिएशन (सीआईएनटीएए) एक बार फिर तनुश्री दत्ता और नाना पाटेकर से जुड़े 10 साल पुराने मामले की जांच करेगी। असोसिएशन ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा कि 2008 में जिस तरह से तनुश्री दत्ता के केस पर कार्रवाई कई गई वह काफी खेदजनक है। असोसिएशन के बयान में यह भी कहा गया कि यदि नाना या तनुश्री चाहें तो इस संबंध में नया केस भी फाइल किया जा सकता है।

क्या है मामला

तनुश्री दत्ता ने आरोप लगाया है कि साल 2008 में आई फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के लिए उन्हें एक आइटम नंबर शूट करना था। शूटिंग के दिन नाना पाटेकर भी सेट पर मौजूद थे। तनुश्री का आरोप है कि शूट के बीच में नाना उनके नजदीक आए और उन्होंने उन्हें गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया।

सेक्स से इनकार पर महिला ने जलाया बच्चे का प्राइवेट पार्ट

नोएडा (आरएनएस)। पड़ोस में रहने वाली महिला की सेक्स की डिमांड पूरी करने से 7वीं क्लास में पढ़ने वाले नाबालिग ने इनकार कर दिया। वह बचकर वहां से भागने लगा, इस पर नाराज महिला ने गुस्से में लड़के के प्राइवेट पार्ट को गर्म चिमटे से जला दिया।

बादलपुर कोतवाली एरिया के इस मामले में में पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि खेड़ा धर्मपुरा गांव स्थित सहारा कॉलोनी का पीड़ित छात्र शुक्रवार को घर पर था। आरोप है कि करीब 1:30 बजे पड़ोस में रहने वाली एक महिला उसके पास पहुंची और दुकान से सामान मंगाने के लिए कहकर अपने घर ले गई।

आरोप है कि वह बच्चे पर सेक्स के लिए दबाव बनाने लगी। छात्र ने भागने की कोशिश की तो उसे पकड़कर कमरे में बंद कर दिया और उसके मुंह पर कपड़ा बांधकर गर्म चिमटे से उसके प्राइवेट पार्ट को जला दिया। मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे का मेडिकल कराया गया।

अजब गजब

जेल में महिला कॉन्सेटबल को हुआ कैदी से प्यार, इश्क में उठाया ऐसा कदम जानकर हो जाएंगे हैरान

इंसान जब प्यार में पड़ता है तो जिंदगी को लेकर उसके मायने बदल जाते हैं। सही और गलत के पैमाने भपने से पहले वह नफा और नुकसान का आंकलन नहीं करता है। शायद इसीलिए ऐसा कहा जाता है कि इंसान प्यार में कुछ भी कर सकता है। स्कॉटलैंड के ऐडीवेल जेल में ऐसा ही कुछ हुआ, जिसे जानने के बाद लोग दंग रह गए।एडीवेल जेल में घटित हुई यह घटना आपको किसी बॉलीवुड फिल्म की तरह

लग सकती है, यहां जेल में ड्यूटी के दौरान एक महिला सुरक्षाकर्मी की नजरें एक कैदी से दो-चार हो गईं। दोनों प्यार में इस कदर डूब गए कि महिला ने ऐसा कदम उठा लिया कि हर कोई दंग रह गया।स्कॉटलैंड के वेस्ट लेथियन जेल में 24 साल की क्रिस्टी डेविडसन नाम की महिला गार्ड के तौर पर काम करती थी। एक दिन अचानक उसने नौकरी छोड़ दी। फिर इन डेविडसन ने अपना इस्तीफा सौंपा उसी दिन 31 साल के कैदी जेमी बटिंग की रिहाई हुई। जेमी लंबे वक्त से जेल में सजा काट रहा था। लेकिन सोशल मीडिया से मिला इश्क का सुराग।दोनों ने अपने इश्क को सबसे छिपाकर रखा लेकिन जेमी के रिहा होते और डेविडसन के नौकरी छोड़ने के बाद, दोनों एक साथ एक ही तस्वीर में नजर आए। क्रिस्टी ने अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर की, वहां जेमी उनके साथ हंसते खिलखिलाते नजर आ रहे थे। तब लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जेल में ड्यूटी के दौरान ही दोनों के बीच कुछ ऐसा हुआ होगा जिसकी वजह से क्रिस्टी ने नौकरी छोड़कर जेमी संग रहने का फैसला किया। दोनों ने अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं, जहां वो काफी नजदीक नजर आ रहे हैं। अब सारा मामला जब खुल गया तो मीडिया जेल के अधिकारियों के पास पहुंच गए। अधिकारियों ने भी हैरान करने वाली बात कही।जेल के अधिकारियों ने कहा कि यह एक पुरुष और महिला का निजी मामला है, इसमें जेल प्रशासन दखल नहीं दे सकता है।